चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

अपील

पत्रांक : पी0ए0 / 2648
दिनांक : 31.03.2020

महोदय / महोदया,

उत्तर प्रदेश सरकार कोविड–19 महामारी से निपटने हेतु सभी आवश्यक कदम उठा रही है। इस संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार अपने समस्त नागरिकों विशेषकर श्रमिकों, किसानों, वृद्धों, विधवाओं सहित समाज के कमजोर वर्ग के प्रत्येक परिवार हेतु आर्थिक मदद पहुचाने का कार्य कर रही है। संक्रमित व संदेहास्पाद मरीजों के निशुल्क उपचार के साथ–साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये भी समस्त आवश्यक प्रबन्ध सरकार द्वारा किये जा रहे है।

वर्तमान में उत्पन्न विषम परिस्थितियों में मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट व अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुय अनेक औद्योगिक, व्यापारिक व सामाजिक संगठन अपने देशवासियों / प्रदेशवासियों की मदद के लिए आगे आए है। जिनके सहयोग व योगदान हेतु प्रदेश सरकार के साथ देश व प्रदेश के समस्त नागरिक उनके प्रति कृतज्ञ है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने सीमित संसाधनों से हर तरह की संभव मदद की जा रही है, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुछ महाविद्यालयों द्वारा उत्कष्ट सहयोग सरकार को किया जा रहा है। जिसके लिए विश्वविद्यालय परिवार उनके प्रति आभार प्रकट करता है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की अधिकारी वेबसाइट / पोर्टल **(http://upcmonic.in)** पर उपलब्ध कोष से सम्बन्धित आवश्यक सूचनायें निम्नवत् है :–

* Account Name :- **CHIEF MINISTER'S DISTRESS RELIEF FUND**
* Bank Name :- **CENTRAL BAK OF INDIA**
* Branch Name :- **C.B.I. CANTT. ROAD, LUCKNOW**
* A/C No.:- **1378820696**
* IFSC :- **CBIN0281571**
* BRANCH CODE :- **281571**
* **आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G के तहत: आयकर में पूर्ण छूट।**

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी ने यह अपेक्षा की है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय उक्त सूचना को जनसामान्य के बीच प्रचारित –प्रसारित करते हुए स्वंय भी मुख्यमंत्री पीड़ित सहायता कोष में अशंदान करें साथ ही सामान्यजन को भी प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

31/03/2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि:

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
05. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
06. समस्त उपकुलसचिव / सहा0 कुलसचिव / कार्या0 अधीक्षक को सूचनार्थ प्रेषित।
07. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव